बाल मंच के सदस्यों के लिए जीवन कौशल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जहां खेल खेल के माध्यम से कई गतिविधियां कराई गई। जिससे बच्चों में आत्मविश्वास और कौशल की पहचान हो पाया है साथ ही निर्णय लेने की क्षमता बढ़ी है। जिससे परियोजना क्षेत्र के बच्चों और बच्चियों में शिक्षा और खेल के साथ साथ विज्ञान के प्रति रुझान बढ़ा है।

## मेधावी क्षात्रों के लिए छात्रवृति



अंबाबाद पंचायत के 10 वैसे जरूरतमंद मेधावी छात्र जो माध्यमिक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है जिनको सहयोग की जरूरत है ऐसे छात्रों को ₹1000 छात्रवृत्ति देकर 6 महीने तक उन्हें शिक्षा पूर्ण करने के लिए उत्साहित व प्रोत्साहित किया गया है।

## स्वास्थ्य जाँच शिविर



परियोजना क्षेत्र के 8 गांव के अलावा लगभग 15 गांव के समुदायों के लिए दो चक्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग सतगावा एवं संस्था के संयुक्त तत्वाधान में किया गया प्रथम चक्र में 564 विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त रोगियों का इलाज किया गया तथा लगभग 1500 बच्चे और बड़ों को मलेरिया ड्राप पिलाया गया। द्वितीय चक्र में 270 विभिन्न प्रकार के रोगियों का इलाज लगभग 70 किशोरियों को किशोरावस्था की समस्या के प्रति जागरूकता और 47 मोतियाबिंद प्रभावित आंख जांच किया गया जिसमें 17 लोग को ऑपरेशन की आवश्यकता हुआ और एक का ऑपरेशन हो पाया शेष प्रक्रिया चल रही है।

## स्वास्थ्य एवं पोषण शिविर




अंबाबाद पंचायत के 2 कलस्टर के 2 गांव में खवासडिह एवं समयडिह में स्वास्थ्य एवं पोषण शिविर का आयोजन दो चक्र में किया गया जिसमें अल्प वजन वाले 40 बच्चे को 15 दिन का पोषण युक्त आहार दिया गया साथ ही अभिभावकों को भी पोषण युक्त आहार निर्माण की विधि की जानकारी दी गई साथ ही स्वच्छता किट भी उपलब्ध कराया गया।

## जल शक्ति अभियान



माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे देश में संचालित जल शक्ति अभियान के तहत परियोजना क्षेत्र के मोह्लारिया गांव के लिए लगभग 3 किलोमीटर का नाला का सफाई प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री बैजनाथ उरांव की उपस्थिति में क्षेत्र के ग्रामीण योजना के कर्मी मिलकर किया और जिससे पूरे बरसात में जल संग्रह का कार्य किया गया।

## परियोजना क्षेत्र के हितधारक के साथ इंटरफेस मीटिंग



परियोजना क्षेत्र के हितधारक के साथ इंटरफ़ेस मीटिंग - अंबाबाद पंचायत के 8 गांव की समुदाय ,जनप्रतिनिधि, विभागीय कर्मचारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जरूरत की पहचान के लिए इंटरफ़ेस मीटिंग का आयोजन किया गया।मीटिंग में 122 ग्रामीण सहित जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी भाग लिए।

## आदर्श ऑंगनबाड़ी निर्माण




परियोजना क्षेत्र के 3 आँगन बाड़ी केंद्र ग्राम - समयडीह ,खवासडीह, जोगीडीह का सौंदर्यीकरण का कार्य संस्थान अपने अनुभव से क्षेत्रीय संसाधान का उपयोग कर किया है जिसमे ग्रामीणों का श्रमदान एवं अंशदान भी महत्वपूर्ण रहा है |यह केंद्र आदर्श केंद्र के रूप में स्थापित हो चुका है इस केंद्र में लगभग 6 सेवायें पूर्णत: उपलब्ध है|



# राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संस्थान



## सचिव की कलम से :-



मुझे अपार हर्ष हो रहा है कि माइका प्रभावित परिवार के लिए सामुदायिक सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत वार्षिक समाचार पत्र प्रकाशित किया जा रहा है जिसका प्रथम अंक जिसमें मुख्य रूप से परियोजना का उद्देश्य महत्वपूर्ण घटक परियोजना की रणनीति अंतर्गत संचालित गतिविधियों को साझा किया गया है| कुल 2800 परिवारों में से 539 परिवार का कृषि एवं कौशल विकास के माध्यम से अजीविका वर्धन मां शिशु- स्वास्थ्य ,पोषण ,गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों के साथ-साथ समुदाय का सर्वांगीण विकास, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था आजीविका के लिए सिंचाई की व्यवस्था के साथ-साथ सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से छूटे हुए परिवारों तक योजना पहुंचाना और सामुदायि आधारित संगठन का निर्माण, पंचायत व्यवस्था को मजबूत करना एवं जन वकालत की प्रक्रिया में तेजी लाकर माईका की आपूर्ति श्रृंखला पर नीति निर्माण पर रूपरेखा तैयार करने में सहयोग करना है|

राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान द्वारा उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत कोडरमा जिला सतगांवां प्रखंड में अंबाबाद पंचायत के 8 गांव में कुल 539 परिवार को जोड़ा गया है कार्यक्रम अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य,आजीविका एवं नीति निर्माण के अंतर्गत कई नये प्रयास किए गए हैं|

हम सतगावां प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री बैधनाथ उरावं जी के प्रति आभार व्यक्त करते है जिनके सहयोग परियोजना क्षेत्र का पेल्ही गावं आदर्श ग्राम निर्माण की ओर दो कदम बढ़ पया है| RMI टीम के प्रति हम कृत्यागता जताते है कि राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान को इस कार्य को संपन्न करने में सहयोग किया है| अम्बाबाद पंचायत मुखिया के साथ - साथ तमाम जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद देते है जिनका परियोजना को जमीं पर उतारने में सहयोग किया है| अभिव्यक्ति फाउंडेशन एवं शीशम नेटवर्क के सभी सहयोगी संस्थाओं को धन्यवाद देते हैं की आप सभी साथियों ने तकनिकी व व्यवहारिक अनुभवों को साझा कर हमारे क्षेत्र में विकास को और मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाई है / हम इस परियोजना क्रियान्वयन में लगे पूरे टीम को धन्यवाद व बधाई देते हैं कि तमाम चुनौतियों के बावजूद 1 वर्ष में लक्ष्य के अनुरूप अपने मेहनत और लगन से लगभग कार्य गुणवत्ता पूर्ण रूप से पूरा किया है इसका परिणाम क्षेत्र के में दिख रहा है हम उन ग्रामीणों को भी धन्यवाद देते हैं जो अपने विकास की चिंता कर परियोजना को माध्यम बना कर एक कदम विकास की ओर बढाया है|

आशा करते है की इस न्यूज़ लेटर के माध्यम से हम कार्यक्रम में शामिल सभी हितधारक तक कार्यक्रम के अनुभवों को साझा कर भावी रणनीति को और मजबूत बनायेंगे और विकास के लिए सरकार के साथ मिला कर परियोजना को प्रभावी रूप लागू कर पाने में सफल हो पाएंगे और लोगो के जीवन में परिवर्तन की लकीर खीच पायेंगे |

शुभकामनायों के साथ |

**मनोज कुमार**
सचिव
*राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संस्थान, कोडरमा*

## सरकारी योजना से जुड़ाव



परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत सरकारी योजना से छुटे परिवार एवं समुदाय को जोड़ा जाना एक महत्वपूर्ण लक्ष्य था। परियोजना क्षेत्र में अब तक 8 गांवों में 1423 लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने में सफलता मिली है जिसमें, आयुष्मान कार्ड , स्वामी विवेकानंद पेंशन योजना , रोजगार गारंटी योजना , प्रधानमंत्री आवास योजना , मुख्यमंत्री सुकन्या योजना , मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना, उज्वला योजना , बैंक खाता, जन्म प्रमाण पत्र, अंतोदय योजना इत्यादि शामिल है।

## स्वच्छ पेयजल से सवास्थ्य जीवन



दोनैया गांव में सामुदायिक पेयजल जल मीनार का निर्माण करवा कर 200 परिवारों के लिए पुरिफाई फिल्टर मशीन लगाकर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था किया गया है जिससे उस गांव मे लोग स्वच्छ पेयजल पी रहें है , साथ ही साथ ग्राम अंगार में बंद पड़े चापाकल का मरमती एवं ग्राम पेलहनी में पुराने चापाकल से पेय जल का सप्लाई की व्यवस्था कराई गई है जिससे लगभग 275 परिवार लाभान्वित हो रहे हैं।

## सामुदायिक सिंचाई केन्द्र निर्माण



ग्राम पेल्हनी में परियोजना अंतर्गत एस्सेट्स बिल्डिंग के तहत सामुदायिक सिंचाई केंद्र का निर्माण किया गया जिसमें लगभग 40 एकड़ जमीन का सिंचाई हो रही है। अभी 200 डिसमिल में नगदी फसल सब्जी खेती का प्रारंभ किया गया है| गेहूं प्याज की खेती पूर्व की भांति अधिक लगाया है। 30 क्विंटल मूंग इस गांव के ग्रामीणों ने इसी सामुदायिक सिंचाई केंद्र से उपज किया है सामुदायिक सिंचाई केंद्र एक स्व संचालित केंद्र है जिससे ग्रामीण अपने अंशदान से संचालित करते हैं। यह सिंचाई का साधन इस गांव का तस्वीर बदलने में कारगर भूमिका निभाएगी।

अति गरीब परिवारों का आजीविका वर्धन योजना निर्माण:- आजीविका संबंधी प्रारंभिक मूल्यांकन एवं ग्रामिणों की मांग के आधार पर 8 गांव की 18 महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण दिया गया है ! जो आय सृजन कार्यक्रम का माध्यम बनेगा एवं परिवार का संचालन करने में होगा सहयोग करेगा। कुल 10 महिलाओं को सत्र 19-20 में प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ा गया।

## विद्यालय का सौंदर्यीकरण




सरकारी विद्यालय को जरूरत के अनुरूप सामग्री और संसाधन उपलब्ध कराने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विद्यालय का रखरखाव शिक्षक का नियमित उपस्थिति अभिभावक का दायित्व , विद्यालय प्रबंधन समिति का कार्य एवं दायित्व का बोधकराकर बच्चों का ठहराव एवं शैक्षणिक वातावरण निर्माण के लिए परियोजना क्षेत्र के 4 विद्यालय पैल्हनी समयडिह मोहनरिया एवं खवासडिह में दीवाल लेखन एवं शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराया गया है जिससे बच्चों का रुचि में परिवर्तन आया है और शैक्षणिक प्रगति देखने को मिल रहा है साथ ही 39 अनियमित बच्चों को को विद्यालय से जोड़ा गया है।

## विद्यालय प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण



विद्यालय प्रबंधन समिति को शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के मापदंडों के अनुसार कार्य एवं दायित्व के प्रति संवेदना पैदा करने के लिए, 2 चक्र में 8 गांव के विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिससे समिति के सदस्य एवं पदाधिकारियों में सक्रियता बढ़ी है।



## विशेष शिक्षण केन्द्र



परियोजना क्षेत्र अंबाबाद पंचायत के 2 गांव अंगार एवं मोहनरिया में विशेष शिक्षण केंद्र का संचालन किया या है जिसमें 3 से 5 क्लास के कमजोर बच्चे के लिए प्रारंभिक आकलन ( हिंदी गणित एवं व्यवहारिक)कर उनका ग्रेड (A B C D एवं E ) तैयार किया गया। अंगार में मोहनरीया में 3 बच्चों के साथ बुनियादी शिक्षा के लिए 3-5 क्लास के बच्चों का अधिगम परिणाम प्रणाली को ध्यान में रखकर पाठ्यक्रम निर्माण कर पढ़ाया गया है। जिससे बच्चों में शैक्षणिक स्तर में विकास हुआ है।

## वितीय साक्षरता प्रशिक्षण



परियोजना क्षेत्र में लक्षित परिवारों को उनकी आय व्यय बचत ऋण वित्तीय लक्ष्य और सरकारी योजनाओं के अंतर्गत बीमा सुविधाओं को समझाने के लिए पांच दिवसीय वित्तीय साक्षरता पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया इसके लिए शीशम नेटवर्क से दिए गए प्रशिक्षण के अनुरूप प्रशिक्षण दिया गया।

## बाल मंच महोत्सव



बाल मंच परिवर्तन का सशक्त माध्यम है यह पिछले 2 वर्षों के कार्यों का अनुभव बताता है क्षेत्र के 8 गांव में बाल मंच का चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया से होने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय की उपस्थिति में बाल मंच महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें सभी नवनिर्वाचित बाल मंच पदाधिकारी उपस्थित हुए जिन्हें प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय के द्वारा बाल मंच के कार्य एवं दायित्व के साथ अपना सर्वांगीण विकास कैसे करें इस पर मार्गदर्शन किया गया और सभी बाल मंच पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

## बाल मंच परिवर्तन का माध्यम



परियोजना क्षेत्र के 8 गांव में बाल मंच का गठन किया गया इसका उद्देश्य बच्चों में बौद्धिक शैक्षणिक सांस्कृतिक विकास के प्रति रुझान व आत्मविश्वाश बढ़ाना है इस प्रक्रिया में 8 गांव के 470 बच्चे भाग लिए जिसमें लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया अपनाकर अधिकारियों का चुनाव किया गया जिससे बच्चों में अपने अधिकार के प्रति समझ बनी है।

## पढ़ाई में खेल मददगार



परियोजना क्षेत्र के 8 गांव में बच्चों के साथ-साथ बच्चियों में खेल और उच्च शिक्षा की भावना उत्पन्न करने के लिए सभी गांव में बाल मंच के माध्यम से बालिका फुटबॉल टीम व बालक फुटबाल टीम का गठन किया गया है जो इस क्षेत्र के बच्चियों के लिए अनमोल तोहफा साबित हो रहा है क्योंकि पहली बार बच्चियां फुटबॉल हाथ में ली और अपने आप को साबित कर पाई है कि हम भी खेल सकते हैं। इस गतिविधि से बालिकायों में शिक्षा के प्रति भी रुझान बढ़ा है ।

## बाल मंच के बच्चों का जीवन कौशल प्रशिक्षण

